हेराफेरी — सरकारी धान की हेराफेरी कर अन्य राज्यों से मंगाया जाता है घटिया चावल

# कस्टम मिलिंग के लिए परिवहन हो रही सरकारी धान पर निगरानी की दरकार

**नवभारत, खैरलांजी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से पहले ही जिले भर के राईस मिलर्स द्वारा धान की कस्टम मिलिंग के लिए अपनी मांगो को लेकर अड़े रहे कि उनके द्वारा कस्टम मिलिंग का अनुबंध नही किया जाएगा। उनकी मांगो पर त्वरित एक्शन में आकर जिला कलेक्टर ने 18 फरवरी 2026 को धान की कस्टम मिलिंग के व्यवस्थित संचालन के लिए राईस मिलर्स के साथ बैठक कर उनकी समस्या का समाधान किया। जिससे राईस मिलर्स द्वारा धान की कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध करने की सहमति प्रदान की और उन राईस मिलर्स के द्वारा अनुबंध कराकर मिलिंग का कार्य बीते सप्ताह से प्रारंभ कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्ट्रेट भवन में 18 फरवरी को हुई बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा सभी राईस मिलर्स से चर्चा के दौरान कहा गया था कि धान की कस्टम मिलिंग के उपरांत चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से उचित मूल्य दुकानो में गरीब और कमजोर वर्ग को खाने



के लिए उपलब्ध कराया जाता है। जिसमें राईस मिलर्स किसी भी तरह से अनैतिक लाभ लेने का प्रयास ना करें। क्योंकि राईस मिलर्स के लिए धान की कस्टम मिलिंग एक तरह से गरीब लोगों की सेवा के समान है और राईस मिलर्स को धान की कस्टम मिलिंग में जो कुछ भी समस्या आएगी उनका शासन के नियमों के तहत निराकरण करने की भी बात कही गई थी।

बावजूद इसके कुछ राईस मिलर्स कस्टम मिलिंग के अनुबंध होते ही धान की अफरा-तफरी में जुट गए है। जिसका प्रमाण मध्यप्रदेश राज्य के खैरलांजी क्षेत्र की सीमा पर बहने वाली वैनगंगा



नदी पार करते हुए धान से लदे ट्रक देखे जा सकते है। धान से लदे ट्रकों को राईस मिलर्स द्वारा महाराष्ट्र राज्य में ले जाते हुए ग्रामीणों द्वारा देखा जा रहा है। मध्यप्रदेश की सीमा क्षेत्र के गांव खैरी में अगर जांच नाका लगाया भी गया है तो वंहा उन राईस मिलर्सो की तगड़ी सेटिंग का होना भी खुलकर सामने आ सकता है। क्योंकि अनुबंध के बाद से सीमा क्षेत्रो के हालात अगर बयां करे तो वंहा जांच नाका के नाम पर दो बैरियर है पर दोनो ही पूर्ण रूप से खोल दिए गए है। जिसके प्रमाण समाचार के साथ लगाई जा रही जीपीएस कैमरे की तस्वीर है।

बताया जाता है कि लंबे समय से कस्टम मिलिंग के अनुबंध के इंतजार में बांट जोह रहे राईस मिलर्स अपनी जुगाड़ में लग गए थे कि अनुबंध होते ही वह अपने काले कारनामो को कैसे अंजाम तक पहुंचाएगे। जिसके लिए उन्होने सरकारी धान की अफरा तफरी कर कैसे दूसरे राज्यों से घटिया और गुणवत्ताहीन चावल मंगाकर कस्टम मिलिंग का कार्य करे उसकी सेटिंग बनाना प्रारंभ कर दिया है। जबकि यही घटिया चावल सरकारी स्कूलों में बच्चों के मध्याह्न भोजन में परोसा जा रहा है। इसके पूर्व भी राईस मिलर्स पर अमानत में खयानत जैसे गंभीर आरोप लग चुके है। ऐसे में शासन-प्रशासन से दरकार है कि क्षेत्र की सीमावर्ती ईलाकों पर सख्त निगरानी रखी जाए।

### मध्यप्रदेश राज्य की सीमा पर लगाए जाए सीसीटीवी कैमरे

सीमा क्षेत्रो पर एक मंडी नाका और दूसरा वन विभाग द्वारा संचालित नाका है। दोनो ही नाके पूरी रात खुले हुए होते है। इन नाको में जांच के नाम पर खुले रूप से सुविधा शुल्क के साथ गैरकानूनी सामानो की आवाजाही होने की भी जानकारी स्थानीय ग्रामीणो द्वारा बताई गई। अगर सीमा क्षेत्रो पर जांच दल के साथ सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिए जाए तो सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। साथ ही कस्टम मिलिंग के लिए जा रहे धान के परिवहन वाहन में अगर जीपीएस लगा हुआ है तो उसकी जांच भी सतत होना आवश्यक है। जिसमे खैरलांजी क्षेत्र के खैरी, मोवाड़, साकड़ी व अन्य सीमा क्षेत्र के गांव है जंहा जांच की नितांत आवश्यकता है।

# होली पर्व के मद्देनज़र खाद्य प्रतिष्ठानों पर सख्त निगरानी, 12 नमूने जांच हेतु एकत्र

**नवभारत, बालाघाट।** होली त्यौहार के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चितता के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों में सतत निरीक्षण, निगरानी एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में आज 02 मार्च को बैहर, बिरसा एवं मोहगांव क्षेत्र में विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट, बेकरी एवं डेयरी प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 12 खाद्य नमूने जांच हेतु एकत्र किए गए, जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

बैहर बस स्टैंड स्थित खेतेश्वर बीकानेर मिष्ठान भंडार, अशोका होटल, कदम होटल एवं साईं मिष्ठान भंडार की जांच की गई। यहां से खोवा, पेड़ा, मलाई बर्फी, कलाकंद एवं मिल्क केक के नमूने लिए गए। वहीं मोहगांव स्थित रत्नेश राजस्थान स्वीट भंडार एवं अंकित जलपान गृह से



अंजीर बर्फी, कलाकंद एवं मावा पेड़ा के नमूने जांच हेतु एकत्र किए गए।

निरीक्षण के दौरान दो प्रतिष्ठानों में अस्वच्छता एवं अनियमितता पाए जाने पर कदम स्वीट्स एवं अशोका होटल को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के अंतर्गत सुधार सूचना नोटिस जारी किया गया। संबंधित संचालकों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा गुणवत्तायुक्त मिठाइयों का निर्माण एवं विक्रय सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी वाजिद मोहीब, योगेश डोंगरे एवं गीता टांडेकर उपस्थित रहे।

## जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक 5 मार्च को

**नवभारत, बालाघाट।** जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने के उद्देश्य से गठित 'जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद' की बैठक दिनांक 05 मार्च 2026, गुरुवार को आयोजित की जाएगी।

बैठक दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक में जिले में पर्यटन विकास से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों, योजनाओं एवं बहुउद्देशीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी तथा भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि परिषद के माध्यम से जिले के प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हों और जिले की पहचान को व्यापक स्तर पर स्थापित किया जा सके।

संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों को बैठक में समय पर उपस्थित रहने हेतु आमंत्रित किया गया है।

## मॉयल को एमईएमसी जबलपुर क्षेत्र के फाइनल डे में मिले कई पुरस्कार

**नवभारत, बालाघाट।** 35वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 2025-26 का समापन गत दिवस जबलपुर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन , जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित किया गया। समापन समारोह के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम उत्साह और गौरव के साथ संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न खदानों और इकाइयों को पर्यावरण संरक्षण, वनीकरण तथा वैज्ञानिक खनन विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में (मॉयल) की विभिन्न इकाइयों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। सीतापठोर इकाई को पर्यावरण मॉनिटरिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वहीं तिरोड़ी माइंस ने वनीकरण गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान देते हुए द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। उकवा माइंस को भी वनीकरण श्रेणी में द्वितीय उपविजेता का पुरस्कार मिला।

उकवा माइंस ने व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक विकास कार्यों में प्रथम उपविजेता का सम्मान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। बालाघाट माइंस ने भी वनीकरण के क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त



व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक विकास श्रेणी में बालाघाट माइंस को द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया।

मॉयल की ओर से महाप्रबंधक (परियोजना एवं विविधीकरण) राजेश भट्टाचार्य, अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक समूह-1 उम्मेद सिंह भाटी, खान प्रबंधक विवेक कुमार, सहायक महाप्रबंधक (भूविज्ञान) विनय रहांगडाले सहित अन्य अधिकारी समारोह में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खनन कार्य का संचालन ही सतत विकास का आधार है।

समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने सभी विजेता इकाइयों को बधाई देते हुए भविष्य में भी पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप उत्कृष्ट कार्य जारी रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## औद्योगिक क्षेत्र कनकी में 8 भूखंडों के आवंटन के लिए ईओआई आमंत्रित

**नवभारत, बालाघाट।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा जिले के लालबर्रा तहसील के औद्योगिक क्षेत्र कनकी में रिक्त 08 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रक्रिया 01 मार्च 2026 प्रातः 11:00 बजे से 15 मार्च 2026 अपरान्ह 5:00 बजे तक संचालित की जाएगी। जिले के सभी इच्छुक उद्यमी निर्धारित अवधि में विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने बताया है कि प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क 05 हजार रुपये निर्धारित किया गया है, जो कि अपरिवर्तनीय (नॉन-रिफंडेबल) होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त, आवेदित भूमि की प्रचलित प्रीमियम राशि का 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान आवेदन तिथि पर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा। भूखंडों का आवंटन 'मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025' के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

भूखंडों के आवंटन संबंधी समस्त नियम, प्रक्रिया एवं विस्तृत जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक 5 मार्च को

**नवभारत, बालाघाट।** जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने के उद्देश्य से गठित 'जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद' की बैठक दिनांक 05 मार्च 2026, गुरुवार को आयोजित की जाएगी। बैठक दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक में जिले में पर्यटन विकास से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों, योजनाओं एवं बहुउद्देशीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी तथा भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि परिषद के माध्यम से जिले के प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हों और जिले की पहचान को व्यापक स्तर पर स्थापित किया जा सके।



## एम्बुलेंस में बेटे को दिया जन्म, प्रसूता की मौत

### अत्यधिक खून बहने से महिला की गई जान; नवजात की हालत भी नाजुक

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के अस्पताल में सोमवार को एक प्रसूता की मौत हो गई। महिला ने जिला अस्पताल आते समय एम्बुलेंस में रविवार रात एक बेटे को जन्म दिया था। अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका।

बिरसा थाना क्षेत्र के माटे अंतर्गत छोटी परसाही गांव निवासी संपतीन (पति अशोक पंचतिलक) को प्रसव पीड़ा हुई। उनका गांव जिला मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर है। परिजनों ने उन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट के लिए रवाना किया।

रास्ते में भंडेरी के पास प्रसव पीड़ा बढ़ गई और संपतीन ने एम्बुलेंस में ही एक बेटे को जन्म दिया। सामान्य प्रसव के दौरान एम्बुलेंस में कोई विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद नहीं था, जिससे महिला का बहुत ज्यादा खुन बहने लगा। देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच जब परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नवजात बच्चे की हालत नाजुक बताई जा रही है और उसका एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) में उपचार चल रहा है। प्रसूता की मौत की सूचना पर अस्पताल चौकी पुलिस ने सोमवार को शव बरामद किया। परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया।

अस्पताल चौकी पुलिस प्रभारी शिवदयाल पटले ने बताया कि मृतिका की पहले से दो बेटियां हैं। यह उसका तीसरा प्रसव था। महिला ने एम्बुलेंस में नवजात को जन्म दिया, जिसके बाद मां और बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया।

डॉक्टरों ने प्रसूता को मृत घोषित कर दिया था। डॉक्टरों की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है। मामले की आगे की जांच संबंधित थाना पुलिस करेगी।

## कटंगी में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन, युवाओं ने दिया डिजिटल साक्षरता और सामाजिक जागरूकता का संदेश

**नवभारत, बालाघाट।** 'मेरा युवा भारत और डिजिटल साक्षरता' थीम पर आयोजित शिविर में स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर हुए बौद्धिक सत्रलांजी। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय महाविद्यालय लांजी द्वारा ग्राम पंचायत कटंगी में आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का समापन 02 मार्च सोमवार को उत्साह, ऊर्जा और सामाजिक चेतना के संदेश के साथ संपन्न हुआ। 24 फरवरी से प्रारंभ हुए इस शिविर ने पूरे सप्ताह ग्राम विकास, डिजिटल साक्षरता और सामाजिक सरोकारों के विविध आयामों को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया।

'मेरा युवा भारत और डिजिटल साक्षरता' थीम पर आधारित इस शिविर का शुभारंभ 24 फरवरी को पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर रेवाराम सोनवाने के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गौतमा कठाने ने की, जबकि संचालन एवं समन्वय कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर




रितेश सोनवाने द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए ग्रामीण समाज के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी निकालकर स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता के नारों से वातावरण को जागरूक किया गया। योग एवं व्यायाम सत्रों के साथ स्वयंसेवकों ने ग्राम की साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता अभियान और जनजागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया। दोपहर पश्चात आयोजित बौद्धिक सत्रों में विशेषज्ञों ने समसामयिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। द्वितीय दिवस पर 'ऑनलाइन शिक्षा और भारतीय युवाओं में डिजिटल कौशल का विकास' विषय पर प्रोफेसर महेश ढोक एवं श्री महेश दमाहे ने डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन सेवाओं और सुरक्षित मोबाइल उपयोग की जानकारी दी। तृतीय दिवस 'ग्रामीण युवाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित सत्र में महेन्द्र बोरकर, प्रोफेसर महेन्द्र तलवरे एवं डॉ. ललित कामडे ने ग्रामीण युवाओं के लिए डिजिटल माध्यमों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। चतुर्थ दिवस महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहा, जिसमें प्रोफेसर डॉ. कांता वर्मा, प्रधान पाठक ममता नारनौरे, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया। पंचम दिवस पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणीय संतुलन, वृक्षारोपण और दैनिक जीवन में संरक्षण उपायों पर विस्तृत चर्चा हुई।

षष्ठम दिवस साइबर सुरक्षा विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें सुरक्षित ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, साइबर अपराधों से बचाव और डाटा सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सप्तम एवं अंतिम दिवस समापन समारोह में पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर रेवाराम सोनवाने मुख्य अतिथि तथा ग्राम पंचायत कटंगी के सरपंच महेन्द्र बोरकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इंतजाम — होली पर्व पर हुडदंगियों से सख्ती से निपटेगी पुलिस, तीसरी आंख से भी होगी निगरानी

# 3000 का फोर्स संभालेगा सुरक्षा का जिम्मा

**नवभारत, जबलपुर।** होली पर्व को लेकर पुलिस ने सुरक्षा की तैयारियां तेज कर दी है। सुरक्षा का खाका खींच लिया गया है। हुड़दंगियों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। रंगे के पर्व पर भंग डालने वालों का पर्व सलाखों के पीछे मनेगा। संवेदनशील इलाकों में पुलिस का सख्त पहरा होगा। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर होगी । जिला पुलिस बल के लगभग 2000 अधिकारी, कर्मचारी लगाये गये है। साथ ही आरएएफ, क्यूआरएफ, पीटीएस 6वीं वाहिनी व आठवीं वाहिनी के बल को कन्ट्रोलरूम में रिजर्व रखा गया है। साथ ही 231 का फोर्स बाहर से बुलाया गया है । कुल 3000 से अधिक का फोर्स कानून व्यवस्था संभालेंगा। पर्व पर हुडदंगियों पर पैनी नजर रखने के साथ तीन सवारी वाले दो पहिया वाहनों, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों, सड़कों पर स्टंट करने वालों, तेज रफ्तार या जिग-जैग में गाड़ी चलाने वालों, पटाखे फोड़ने वाले सायलेंसर वाली मोटर साइकिलों, शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई होगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर (एल्कोमीटर) से जांच की होगी। पुलिस तीसरी आंख से भी निगरानी करेंगी। इसके अलावा सादे कपड़ों भी फोर्स शहर की सड़कों पर तैनात होगा जो संदिग्धों पर नजर रखेगी। इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी होगी। हर



गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी।

### सोशल मीडिया पर एक्टिव रहेगी टीमें

इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखने टीमें मॉनिटरिंग करेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह व अश्लीलता फैलाने वालों समेत भडकाऊ पोस्ट या आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर कार्यवाही होगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर भी कार्यवाही होगी। होटल ढाबो पर भी पुलिस दबिश देगी अगर कहीं शराबखोरी होते मिली तो ढाबा संचालक और शराबियों पर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज होगा।

### बदमाशों को जेल भेजने की तैयारी

गुंडे बदमाशा चिहिन्त कर लिए गए है। जिनकी धरपकड़ शुरू कर दी गई। इसके साथ ही संगीन अपराध में जेल से छूटे कुख्यात बदमाशों पर भी पुलिस नजर रखने के साथ उन्हें चेतावनी दे रही है कि अगर माहौल खराब करने की कोशिश की तो खैर नहीं।

### ये है संवेदनशील क्षेत्र

शहर में ओमती, बेलबाग, घमापुर, गोहलपुर, हनुमानताल, कोतवाली, अधारताल, संजीवनी नगर, मदनमहल अन्य शामिल है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा एवं इन स्थानों पर पुलिस की मोबाईल पार्टियां लगातार गश्त कर निगाहें रखीं। नशे में हुड़दंग करने वालों पर एक्शन लेगी।

## कार-नौ लाख की डिमांड कर महिला को दहेजलोभियों ने दी प्रताड़ना

### इंजीनियर पति, रिटायर्ड एसआई ससुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**नवभारत, जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत रमखिरिया में रहने वाली एक महिला को शादी के बाद से दहेज लोभी कार और नौ लाख रूपए नगद की डिमांड कर आए दिन प्रताड़ित करने लगे जिनसे तंग आकर अब पीड़िता ने दहेज लोभियों के खिलाफ थाने में शिकायत की । पुलिस ने साफ्टवेयर इंजीनियर पति, रिटायर्ड एसआई ससुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर श्रीमति शैलजा राजपूत 32 वर्ष निवासी रमखिरिया ने लिखित शिकायत की कि उसकी शादी वर्ष 2023 में हिन्दू रीति रिवाज से व्यावरा निवासी राजबहादुर राजपूत से हुई थी शादी में उसके माता पिता द्वारा 18 लाख रूपये राजबहादुर राजपूत को



दिये थे पति साफ्टवेयर इंजीनियर हैं उसके पिता ने मुंह मांगा दहेज ससुराल वालों को दिया था शादी के बाद ससुराल बिदिशा गयी वहां तीन दिन रूकी, शादी में फोर व्हीलर न देने एवं 9 लाख रूपये कम देने का ताना मारने लगे, उसने अपने पिता को बतायी थी, ससुराल में पति राजबहादुर मायके से कार एवं 9 लाख रूपये लाने का दबाव बनाने लगे थे।

### बेटी से आभूषण छुड़ाकर रखे, पिता से की अभद्रता

पीड़िता ने बताया कि ससुर पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद से रिटायर्ड हैं ससुराल वालों ने उसके गहने उससे छुड़ाकर अपने पास रख लिये पति राजबहादुर, ससुर गोपाल सिंह राजपूत, आये दिन दहेज में कार एवं 9 लाख रूपये रूपये न दिये जाने के कारण उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे पति ने कई बार उसके साथ मारपीट की थी। उसके माता पिता द्वारा कई बार ससुराल वालों के साथ बैठक कर रिश्ता न टूटे बातचीत की गई जो ससुर द्वारा हर बार उसके पिता के साथ बदतमीजी से से बात कर बैठक करने से मना कर दिया।